पंजाब केसरी 25/12/2025

विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों, कर्त्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की प्रमुख धाराओं से करवाया अवगत

जागरूक उपभोक्ता सशक्त राष्ट्र की नींव : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 24 दिसम्बर (बलराम): राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में एक उपभोक्ता जागरुकता व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों, उपभोक्ता कर्त्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की प्रमुख धाराओं से अवगत कराना रहा, ताकि वे एक जागरूक और जिम्मेदार उपभोक्ता के रूप में स्वयं को सशक्त बना सकें।

विद्यार्थियों को सम्बोधित करती मुख्य वक्ता अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष गीति बिंद्रा। (चंद्रमोहन)

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष गीति बिंद्रा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उपभोक्ता अधिकारों, उपभोक्ता कर्त्तव्यों, शिकायत निवारण की प्रक्रिया तथा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन खरीदारी के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उपभोक्ता जागरूकता न केवल व्यक्तिगत स्तर पर शोषण से बचाव का माध्यम है, बल्कि यह एक सशक्त, पारदर्शी और जिम्मेदार समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित किया गया। अपने प्रेरक संदेश में उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही सशक्त राष्ट्र की नींव है और वर्तमान समय में प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति सजग रहे। उन्होंने इस प्रकार के उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में न केवल अधिकारों के प्रति जागरुकता उत्पन्न करते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, विवेकपूर्ण निर्णय क्षमता तथा सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं, जो एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान वाणिज्य विभाग से सहायक प्राध्यापक रीतिका राय, जस्मिता हांडा एवं अंग्रेजी विभाग से सहायक प्राध्यापक मेहक तलवार की उपस्थिति रही। दोनों संस्थानों, गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट एवं गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की।